नाम लेगा जो बजरंगबली का

जय हो जय हो तेरी जय हो हनुमान,
नाम लेगा जो जय हो नाम लेगा जो जय हो,
नाम लेगा जो बजरंगबली का,
कष्ट जीवन के सारे कटेंगे...........

जय हो जय हो तेरी जय हो हनुमान,
जय हो जय हो तेरी जय हो हनुमान,
नाम लेगा जो बजरंगबली का,
कष्ट जीवन के सारे कटेंगे.........

नाम हनुमान का जो भजेगा,
उसका दुनिया में डंका बजेगा,
नाम की इनकी फेरे रोज माला,
उसके दुख दर्द सारे मिटेंगे,
नाम लेगा जो बजरंगबली का,
कष्ट जीवन के सारे कटेंगे..........

है हनुमान धन धान्य दाता,
जोड़ लो इनकी भक्ति से नाता,
बन गया जो भी इनका दीवाना,
उसको हर पल सहारे मिलेंगे,
नाम लेगा जो बजरंगबली का,
कष्ट जीवन के सारे कटेंगे..........

जब हनुमान करते है मंगल,
फिर ना होता कभी भी अमंगल,
पढ़ लो हनुमान जी पढ़ लो हनुमान जी..........

पढ़ लो हनुमान जी की चालीसा,
गम के बादल तुम्हारे छटेंगे,
नाम लेगा जो बजरंगबली का,
कष्ट जीवन के सारे कटेंगे..........

जय हो जय हो तेरी जय हो हनुमान,
नाम लेगा जो जय हो नाम लेगा जो जय हो,
नाम लेगा जो बजरंगबली का,
कष्ट जीवन के सारे कटेंगे...........

नाम लेगा जो बजरंगबली का,
कष्ट जीवन के सारे कटेंगे........

https://bhajanganga.com/bhajan/lyrics/id/25955/title/naam-lega-jo-bajrangbali-ka

अपने Android मोबाइल पर BhajanGanga App डाउनलोड करें और भजनों का आनंद ले |